प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्हें संविधान का सबसे बड़ा विरोधी बताया है। राज्यसभा में संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग का विरोध करने की है। श्री मोदी ने कहा कि संविधान, सरकार को दिशा दिखाने वाला प्रकाश स्तम्भ है।

****

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

****

झारखंड में सत्तारुढ़ गठबंधन के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं की बैठक जारी है। मुख्यमंत्री आवास में हो रही इस बैठक में लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार करने पर चर्चा हो रही है। इधर, राज्य में मुख्यमंत्री को लेकर नेतृत्व परिवर्तन पर भी निर्णय लिए जाने की भी अटकलें जताई जा रही है। इस बैठक में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत सभी मंत्री और विधायक मौजूद हैं।

****

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में आज दो दिवसीय ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी हर किसी के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जल्द भारत एआई मिशन लॉन्च करेगी, जिसकी लागत 10 हजार करोड़ रुपये है। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि एक एआई नवाचार केंद्र स्थापित किया जाएगा।

****

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 121 हो गई है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने हाथरस दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। इसे लेकर सत्संग के आयोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची में नयासराय ओवरब्रिज का निर्माण इस वर्ष अक्टूबर तक पूरा करने को कहा है। अदालत ने कहा कि नयासराय ओवरब्रिज झारखंड उच्च न्यायालय और रिंग रोड को जोड़ता है। लेकिन पांच वर्षों में भी यह नहीं बन सका है। अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है।

****

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ने शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति – के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है। इस वर्ष आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त है।

****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चतरा जिले में कम मतदान वाले बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई निर्देश दिए हैं।

****

जमशेदपुर स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आज कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत हुई। इस समारोह के संयोजक विधायक सरयू राय ने बताया कि सात जुलाई तक चलने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूजन–पाठ से जुड़े कई कार्यक्रम होंगे।

****

मौसम विभाग ने रांची, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूटी समेत राज्य के कई हिस्सों में पांच जुलाई तक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। विभाग ने बताया कि राज्यभर में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और सभी जिलों में अगले तीन दिनों तक अच्छी बारिश होने की संभावना है। इधर, बारिश की वजह से तापमान में और पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की भी संभावना है।

**********समाप्त**************